बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 415/2023

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) सैद्धान्तिक परीक्षा, दिसम्बर, 2022 के प्रायोगिक परीक्षा हेतु सभी सामग्री जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में समिति द्वारा आपूर्ति किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक स्तर के सभी अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 की प्रायोगिक परीक्षा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 27.11.2023 से 01.12.2023 तक संबंधित अध्ययन केन्द्रों में आयोजित होगी।**

2. इस प्रायोगिक परीक्षा के संचालन हेतु सभी सामग्रियाँ यथा– डाटायुक्त एवं डाटारहित 08 पृष्ठीय उत्तरपुस्तिका, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक, स्टैण्डर्ड मार्क्स फ्वॉयल, पैकिंग सामग्रियाँ, निदेश पत्र आदि समिति के विशेष दूत के माध्यम से भेजा जा चुका है, जो जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 23.11.2023** से अध्ययन केन्द्रों के वितरण हेतु उपलब्ध रहेगा। **विदित हो कि इस संबंध में समिति कार्यालय पत्रांक– BSEB(SS)/KEN/1182/23 दिनांक 21.11.2023 के द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जा चुका है।**

3. सभी मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों के को–ऑर्डिनेटर से अनुरोध है कि अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अपने केन्द्र के लिए आपूरित सभी सामग्रियाँ **दिनांक 23.11.2023 को** अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेंगे तथा प्राप्त सभी सामग्रियों की जाँच कर आश्वस्त हो लेंगे कि उनके अध्ययन केन्द्रों के सभी छात्र/छात्राओं की सामग्री सही–सही प्राप्त है एवं इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि/विसंगति अथवा कोई सामग्री अनुपलब्ध नहीं है। साथ ही वे इन सामग्रियों को सुरक्षित संधारित कर लेंगे तथा इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अपने जिलान्तर्गत अधीनस्थ सभी अध्ययन केन्द्रों के को–ऑर्डिनेटर को निर्धारित अवधि **(दिनांक 23.11.2023) तक** अपने कार्यालय में आपूरित सभी सामग्रियों के वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

5. आपूरित सामग्रियों में से कोई सामग्री अप्राप्त, त्रुटिपूर्ण हो अथवा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना अविलंब परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के **मोबाईल नंबर– 9431025181**, उप परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के **मोबाईल नंबर– 7061281841**, उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन (BBOSE) के **मोबाईल नंबर– 9473146448** तथा प्रशाखा पदाधिकारी (उ0मा0) के **मोबाईल नंबर– 9905353078, 9431077898** पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही इस संदर्भ में परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के **ई–मेल आई0 डी0 coe.interbseb@gmail.com** पर भी किसी समस्या से अवगत कराया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)